Roll No. ..................................

Total No. of Questions : 3] [Total No. of Printed Pages : 4

(2064)

# M.A. (CBCS) IVth Semester Examination

# 8907

# HINDI

## (छायावादोत्तर काव्य)

(Core)

**Paper : MHIN-401**

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : {Regular : 80, Private : 100}**

---

**नोट :-** निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की ससन्दर्भ व्याख्या लिखिए :

(क) कहाँ गया धनपति कुबेर वह

कहाँ गई उसकी वह अलका

नहीं ठिकाना कालिदास के

व्योम प्रवाही गंगाजल का

ढूँढा बहुत परन्तु लगा क्या

मेघदूत का पता कहीं पर।

**अथवा**

दाने आए घर के अन्दर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन के ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद।

(ख) भरी सभा के बीच आज तूने जो मान दिया है,
पहले-पहल मुझे जीवन में जो उत्थान दिया है।
उऋण भला होऊँगा उससे चुका कौन सा दाम ?
कृपा करें दिनमान कि आऊँ तेरे कोई काम।

**अथवा**

बाँधने मुझे तो आया है, जंजीर बड़ी क्या लाया है ?
यदि मुझे बाँधना चाहे मन, पहले तो बाँध अनन्त गगन,
सूने को साध न सकता है, वह मुझे बाँध कब सकता है

(ग) मेरे हार गये सब जाने माने कलावन्त,
सब की विद्या हो गई अकारण, दर्प चूर
कोई ज्ञानी गुणी इसे न आज तक साध सका।
अब यह असाध्य वीणा ही ख्यात हो गई।

**अथवा**

कितनी दूरियों से कितनी बार
कितनी डगमग नावों में बैठकर
मैं तुम्हारी ओर आया हूँ, ओ मेरी छोटी सी ज्योति।
कभी कुहासे में तुम्हें न देखता भी,
पर कुहासे की ही छोटी सी रुपहली झलमल में,
पहचानता हुआ तुम्हारा ही प्रभामण्डल।

(घ) जो मैं हूँ,
मैं कि जिसमें सब कुछ है ...............
क्रांतियाँ, कम्यून, कम्युनिस्ट समाज के
नाना कला विज्ञान और दर्शन के,
जीवंत वैभव से समन्वित व्यक्ति मैं।

**अथवा**

जब करुँगा प्रेम, पिघल उठेंगे,
युगों के भूधर, उफन उठेंगे सात सागर,
किन्तु मैं हूँ मौन आज, कहाँ सजे मेरे साज अभी।

7×4=28[9×4=36]

2. निम्नलिखित प्रश्नों के समीक्षात्मक उत्तर लिखिए :

(i) नागार्जुन का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

नागार्जुन की भाषा-शैली पर विचार कीजिए।

(ii) अज्ञेय के काव्य शिल्प पर विचार कीजिए।

**अथवा**

असाध्य वीणा कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(iii) दिनकर कृत रश्मिरथी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

रश्मिरथी के काव्य रूप पर विचार कीजिए।

(iv) शमशेर बहादुर सिंह का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

शमशेर बहादुर सिंह की कविताओं में निहित वैचारिकता पर प्रकाश डालिए।

10×4=40[13×4=52]

3. सभी प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए :

(i) 'बावरा अहेरी' कविता का मूल प्रतिपाद्य बताइए।

(ii) 'अकाल और उसके बाद' कविता का मूल संदेश क्या है ?

(iii) 'बात बोलेगी मैं नहीं' कविता का मूल संदेश क्या है ?

(iv) 'रश्मिरथी' काव्य में रश्मिरथी किसका प्रतीक है ?

(v) 'दिनकर' किस काव्य धारा के कवि हैं ?

(vi) 'नागार्जुन' की कविताओं में किस दार्शनिक विचारधारा का प्रभाव है ?

2×6=12[2×6=12]

Roll No. ...............................

Total No. of Questions : 5] [Total No. of Printed Pages : 3

**(2064)**

## M.A. (CBCS) IVth Semester Examination

# 8908

## HINDI

## (पाश्चात्य समीक्षा सिद्धान्त)

(Core)

**Paper : MHIN-402**

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : {Regular : 80, Private : 100}**

**नोट :-** निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. प्लेटो के काव्य सिद्धान्त का सविस्तार विवेचन कीजिए।

**अथवा**

अरस्तु के त्रासदी विवेचन का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

2. लोंजाइनस की उदात्त अवधारणा का परिचयात्मक विवेचन कीजिए।

**अथवा**

मैथ्यू आर्नोल्ड के अनुसार आलोचना का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

3. टी.एस. इलियट के निर्वैयक्तिकता के सिद्धान्त की सोदाहरण विवेचना कीजिए।

अथवा

आई.ए. रिचर्ड्स द्वारा अनुमोदित संवेगों का संतुलन से क्या अभिप्राय है और इसकी प्रक्रिया क्या है ? स्पष्ट सविस्तार उत्तर दीजिए।

4. आधुनिक समीक्षा की विशिष्ट प्रवृत्ति का स्वरूप सोदाहरण स्पष्ट कीजिए :

शैली विज्ञान

अथवा

संरचनावाद

15×4=60[20×4=80]

5. निम्नलिखित बारह अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) प्लेटो के काव्य-सत्य पर टिप्पणी लिखिए।

(ii) अरस्तु द्वारा स्वीकृत 'अनुकरण' शब्द पर टिप्पणी लिखिए।

(iii) अरस्तु के अनुसार 'त्रासदी' क्या है ? टिप्पणी लिखिए।

(iv) लोंजाइनस के 'उदात्त' शब्द पर टिप्पणी लिखिए।

(v) 'काव्य-भाषा' का अभिप्राय लिखिए।

(vi) आर्नोल्ड ने आलोचना के प्रकार्य क्या कहे हैं ? टिप्पणी लिखिए।

(vii) 'वैयक्तिक प्रज्ञा' पर टिप्पणी लिखिए।

(viii) 'वस्तुनिष्ठ समीकरण' पर टिप्पणी लिखिए।

(ix) 'व्यावहारिक आलोचना' पर टिप्पणी लिखिए।

(x) 'संरचनावाद' के किसी **एक** आलोचना के विषय पर टिप्पणी लिखिए।

(xi) 'अस्तित्ववाद' में ईश्वर की स्थिति पर टिप्पणी लिखिए।

(xii) उत्तर-आधुनिकवाद आधुनिकवाद से कैसे भिन्न है ? टिप्पणी लिखिए। 2×10=20[2×10=20]

Roll No. ...............................

Total No. of Questions : 2] [Total No. of Printed Pages : 2

(2064)

## M.A. (CBCS) IVth Semester Examination

# 8909

## HINDI

### (शोध प्रविधि)

### Paper : MHIN-403-Core

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : {Regular : 80, Private : 100}**

---

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(4×15=60)[4×20=80]

(क) शोध के अर्थ को स्पष्ट करते हुए उसके स्वरूप को विवेचित कीजिए।

**अथवा**

शोध के प्रमुख क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।

(ख) तुलनात्मक शोध क्या है ? इसकी शोध-प्रक्रिया का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

ऐतिहासिक शोध का प्रमुख आधार क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(ग) सामग्री संकलन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

**अथवा**

शोध-निर्देशक के प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिए।

(घ) शैली वैज्ञानिक शोध क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

विषय का चुनाव करते समय शोधक को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

2. किसी एक विषय वस्तु पर लघु शोध प्रबंध की रूपरेखा का निर्माण कीजिए : (1×20=20)[1×20=20]

कथा-साहित्य को आधार बनाकर किसी एक विषय पर लघु शोध-प्रबंध की रूपरेखा निर्मित कीजिए।

**अथवा**

कविता विधा के आधार पर इच्छित विषय पर लघु शोध-प्रबंध की रूपरेखा निर्मित कीजिए।

Roll No. ..................................

Total No. of Questions : 5] [Total No. of Printed Pages : 3

(2064)

# M.A. (CBCS) IVth Semester Examination

# 8910

# HINDI

## (लोक साहित्य : सैद्धांतिक विवेचन एवं प्रायोगिक आयाम)

Paper : MHIN–404–Core

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : Regular : 80 / Private : 100

**नोट** :- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक खण्ड में से **एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड–1

1. लोकसाहित्य को परिभाषित करते हुये उसके महत्त्व का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

लोकसाहित्य और लोक संस्कृति के अंतर्सम्बन्ध पर प्रकाश डालिए।

### खण्ड–2

2. लोकसाहित्य और समाजशास्त्र के अंतर्सम्बन्ध की चर्चा कीजिए।

अथवा

लोकसाहित्य की अध्ययन प्रक्रिया में आने वाली कठिनाइयों पर प्रकाश डालिये।

खण्ड–3

3. हिमाचल के लोकगीतों के विविध रूप को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

हिमाचल प्रदेश में प्रचलित वीरात्मक लोकगाथाओं का विस्तृत वर्णन कीजिए।

खण्ड–4

4. हिमाचल प्रदेश के लोकनाट्य के उद्भव और विकास का वर्णन कीजिए।

अथवा

लोकसाहित्य किसे कहते हैं ? हिमाचल के लोकसाहित्य का विस्तृत परिचय दीजिए।

(4×15=60)[4×20=80]

5. निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) लोकसाहित्य की किन्हीं दो विशेषताओं की चर्चा कीजिए।

(ii) लोकसाहित्य में लोकोक्तियों के प्रयोग की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

(iii) लोकसाहित्य और लोकगीत के बीच के संबंध का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

(iv) लोकसाहित्य और इतिहास में क्या संबंध है ? वर्णन कीजिए।

(v) लोकसाहित्य में सामग्री संकलन की किन्हीं **दो** कठिनाइयों की चर्चा कीजिए।

(vi) लोकसाहित्य की आलोचना की क्या स्थिति है ? बताइए।

(vii) हिमाचल में प्रचलित किसी लोककथा का उल्लेख कीजिए।

(viii) ऐतिहासिक लोकगाथा किसे कहते हैं ? संक्षेप में समझाइए।

(ix) हिमाचल प्रदेश में प्रचलित किसी ऐतिहासिक लोकगाथा को अति संक्षेप में बताइए।

(x) हिन्दी नाटक और रंगमंच पर लोकनाट्यों के किन्हीं **दो** प्रभावों की चर्चा कीजिए।

(xi) हिमाचल प्रदेश के किन्हीं दो प्रसिद्ध लोकनृत्यों का परिचय दीजिए।

(xii) लोकनाट्यों में लोकोक्तियों के प्रयोग का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

[10×2=20]

Roll No. ................................

Total No. of Questions : 5] [Total No. of Printed Pages : 3

**(2064)**

## M.A. (CBCS) IVth Semester Examination

# 8911

## HINDI

## (हिंदी साहित्य और सिनेमा)

**Paper : MHIN–405–GE–II**

**Time : 3 Hours]** **[Maximum Marks : Regular : 80, Private : 100**

---

**निर्देश** :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. किसी **एक** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) सिनेमा के स्वरूप पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी सिनेमा के उद्भव तथा विकास पर सारगर्भित लेख लिखिए। 15[20]

2. किसी **एक** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) हिन्दी साहित्य और सिनेमा के अन्तर्सम्बन्ध का सैद्धांतिक विवेचन कीजिए।

(ख) हिन्दी कहानी और सिनेमा के अन्तर्सम्बन्ध का सन्दर्भगत विवेचन कीजिए। 15[20]

3. किसी **एक** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) फिल्म निर्माण की प्रक्रिया पर विचार कीजिए।

(ख) फिल्म निर्माण में प्रोडक्शन हाउस की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 15[20]

4. किसी **एक** आलोचनात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए :

(क) 'सार आकाश' फिल्म के महत्त्व एवं प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'शतरंज के खिलाड़ी' फिल्म के महत्त्व एवं प्रभाव स्पष्ट कीजिए। 15[20]

5. किन्हीं **दस** अति लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सिनेमा का समाज से क्या सरोकार है ?

(ख) न्यू-वेब सिनेमा क्या है ?

(ग) पटकथा लेखन क्या है ?

(घ) छायांकन क्या है ?

(ङ) निर्देशन क्या है ?

(च) प्रेमचन्द ने क्यों लिखा कि आज तक किसी स्वाधीन देश के राजा की पराजय इतनी शान्ति से इस तरह खून बहे बिना न हुयी होगी।

(छ) मीर साहब की बेगम शतरंज की आलोचना क्यों नहीं करती थीं ?

(ज) दीपा ने निशीथ से क्यों कहा कि संजय तुम्हारी तरह धोखा नहीं देगा।

(झ) मुन्नी के शरीर पर बेंतों के फूले हुए निशान किसने और क्यों निकाले ?

(ञ) भाभी ने प्रभा से बच्ची को छीनकर खाट पर क्यों पटक दिया ?

(ट) भोला होरी से क्या चाहता है ?

(ठ) झुनिया गोबर से क्यों कहती है कि तुम मुझसे भीख न माँगकर मुझे मोल ले सकते हो ? 20[10×2=20]